# डॉ. मुखर्जी की जयंती पर जनकल्याण पखवाड़े की हो रही है शुरुआतः डॉ. यादव

▶▶ सरकार इसी माह समान नागरिकता संहिता लागू करने की दिशा में अग्रसर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन व पौधरोपण किया। डॉ. यादव ने डॉ. मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में अग्रसर है। प्रदेश की भाजपा सरकार डॉ. मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प को साकार कर रही है। 15 दिवसीय जनकल्याण पखवाड़े की शुरुआत हो रही है।

हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कि डॉ.मुखर्जी स्वतंत्र भारत के उन महान राष्ट्रनायकों में थे जिन्होंने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का सबसे पहले और सबसे मुखर विरोध किया। उनका संकल्प भारत की अखंडता और एकात्मता को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे। डॉ. मुखर्जी की जयंती पर सोमवार को प्रदेशभर में बूथ स्तर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। साथ ही उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की।

## दतिया उपचुनावः निर्वाचन नियमों का पालन सुनिश्चित करें: झा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने दतिया विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन नियमों और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दतिया के कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में श्री झा ने निर्वाचक नामावली का गहन अध्ययन करने, आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने और सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, मतगणना स्थल की तैयारी, राजनीतिक दलों के साथ समन्वय, अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण तथा ईवीएम के हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल, नेटवर्क और आवागमन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया।

बैठक में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों की दैनिक कार्रवाई की समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा सीमा से लगे राज्यों और संबंधित जिलों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

*दतिया विधानसभा उपचुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने सोमवार को निर्वाचन सदन, भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चुनाव कार्यक्रम और निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के साथ ही 6 जुलाई को गजट नोटिफिकेशन जारी हो गया है। 13 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे, 14 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 16 जुलाई नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। दतिया विधानसभा क्षेत्र में 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।*

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दतिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,20,371 मतदाता हैं। इनमें 1,16,101 पुरुष और 1,04,260 महिला मतदाता शामिल हैं।*

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सुनीं जनसमस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## कुवैत की कंपनी करेगी 7,430 करोड़ का निवेश

# मध्यप्रदेश बनेगा मत्स्य निर्यात का नया केंद्र





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में कुवैत की अग्रणी ज़बेदी अल कुवैत फिशरीज कंपनी और इंदौर की कामदार्स केयर के बीच 7,430 करोड़ रुपये के निवेश एवं बाय-बैक समझौते (एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर किए गए। यह अनुबंध मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 के अंतर्गत हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश के मत्स्य उत्पादन को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी, मछुआरा समुदाय को नए अवसर प्राप्त होंगे और राज्य मत्स्य निवेश एवं निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष के तहत कृषि के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन जैसी आयवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश के तालाबों और बड़े जलाशयों का बेहतर उपयोग कर मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और विदेशी निवेश से इन संभावनाओं को नई गति मिलेगी। समझौते के तहत इंदिरा सागर, बरगी, बाणसागर और बारना जलाशयों में केज कल्चर सहित आधुनिक मत्स्य अवसंरचना विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से लगभग चार लाख टन अतिरिक्त मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

साथ ही एक्वापोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स और ग्रीन हाउस तकनीक के जरिए करीब 1.23 लाख टन सब्जियों का उत्पादन भी किया जाएगा। परियोजना से 15 हजार प्रत्यक्ष और 20 हजार अप्रत्यक्ष सहित कुल 35 हजार रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

सरकार ने प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रुपये के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुवैत सहित विभिन्न देशों के साथ बढ़ते आर्थिक सहयोग से मध्यप्रदेश में निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और इसका लाभ किसानों तथा मछुआरा समुदाय को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी।कार्यक्रम में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, विधायक रामेश्वर शर्मा, कुवैत फिश ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली कंपनी का सख्त निर्देश

# कार्यादेश वाला ठेकेदार ही करेगा अब काम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने लाइन और सबस्टेशन से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि जिस पैनलबद्ध ठेकेदार के नाम पर कार्य आदेश (परचेज ऑर्डर) जारी किया गया है, वही संबंधित कार्य करेगा। किसी भी स्थिति में यह काम किसी अन्य ठेकेदार, एजेंसी या व्यक्ति को नहीं सौंपा जा सकेगा। कंपनी के अनुसार कुछ स्थानों पर यह शिकायत मिली थी कि कार्य आदेश एक ठेकेदार के नाम पर जारी होने के बावजूद काम किसी अन्य व्यक्ति या ठेकेदार से कराया जा रहा था। इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि यदि जांच के दौरान कार्य किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी से कराया जाना पाया गया, तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसका कार्य आदेश निरस्त किया जा सकता है, सुरक्षा राशि जब्त की जा सकती है और भविष्य के लिए ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है। संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय होगी। कंपनी ने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## निजी स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि अब 10 जुलाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी गई है। राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निजी विद्यालय अब विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

विभाग के अनुसार पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित थी, लेकिन कई अशासकीय विद्यालय समय-सीमा के भीतर आवेदन नहीं कर सके थे। विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने स्पष्ट किया है कि 10 जुलाई के बाद आवेदन की समय-सीमा किसी भी स्थिति में नहीं बढ़ाई जाएगी। शिक्षा का अधिकार नियम, 2011 के तहत निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन नहीं करने वाले विद्यालयों की मान्यता स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

## 30 जून तक पंचायतों में रिक्त हुए पदों की जानकारी 13 जुलाई तक भेजें

**भोपाल ।** सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 30 जून, 2026 तक विभिन्न पंचायतों में आकस्मिक रूप से रिक्त पदों की ऑनलाइन जानकारी 13 जुलाई तक प्रमाणीकरण सहित उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा है कि इसी जानकारी के आधार पर पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप निर्वाचन करवाये जायेंगे। ऑनलाइन जानकारी भेजने में कोई कठिनाई हो तो राज्य निर्वाचन आयोग की आईटी शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।

# 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा का परिणाम आज होगा घोषित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा का परिणाम 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी और अभिभावक राज्य शिक्षा केंद्र के आधिकारिक पोर्टल पर अपना परिणाम देख सकेंगे। इसी पोर्टल पर शिक्षक और संस्था प्रमुख भी अपनी-अपनी शालाओं का विद्यार्थीवार परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र के अनुसार पुनः परीक्षा का आयोजन 16 से 23 जून 2026 के बीच किया गया था। इसमें प्रदेश के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों और पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1.17 लाख से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 1.32 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेशभर में 322 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए थे। 17 हजार से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर विद्यार्थियों के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किए। विभाग ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से निर्धारित समय पर पोर्टल पर परिणाम देखने की अपील की है।

## आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश के तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

**भोपालः**प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों और जिला परियोजना समन्वयकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। पात्र अभिभावक 8 जुलाई तक रिक्त सीटों वाले विद्यालयों के लिए ऑनलाइन चॉइस अपडेट कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र के अनुसार तीसरे चरण में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। केवल वे आवेदक शामिल होंगे जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। ऐसे पात्र अभ्यर्थी जिन्हें पहले और दूसरे चरण में कोई विद्यालय आवंटित नहीं हुआ या आवंटित विद्यालय में उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे अपनी पसंद के अनुसार विद्यालयों की चॉइस दोबारा अपडेट कर सकेंगे।

**डिजिटल पहल** *'ज्ञान भारतम्' ऐप पर दर्ज की सबसे अधिक धरोहर...*

# दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण में मप्र प्रथम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। भारत सरकार की डिजिटल पहल 'ज्ञान भारतम्' ऐप के माध्यम से प्रदेश ने सबसे अधिक दुर्लभ पांडुलिपियों का पंजीकरण कर राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में अब तक 34 लाख 45 हजार 439 पांडुलिपि पन्नों का पंजीकरण किया जा चुका है, जबकि 12 लाख 13 हजार 127 पांडुलिपियों का सत्यापन भी पूरा हो चुका है। शेष पांडुलिपियों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

अपर मुख्य सचिव संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व तथा सामान्य प्रशासन शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि यह अभियान भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और दस्तावेजीकरण भारत की बौद्धिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभा रहा है। राज्य में 'ज्ञान भारतम्' अभियान के तहत सभी जिलों में विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। पंजीकरण के मामले में भोपाल सबसे आगे है, जहां 24 लाख से अधिक पांडुलिपि पन्नों का पंजीकरण किया गया है। इसके बाद इंदौर, रीवा, बैतूल और छिंदवाड़ा प्रमुख जिलों में शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। 'ज्ञान भारतम्' ऐप का उद्देश्य देशभर में उपलब्ध दुर्लभ पांडुलिपियों का डिजिटल अभिलेख तैयार करना और उन्हें शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाना है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था के पास कोई दुर्लभ पांडुलिपि है, तो वह ऐप के माध्यम से उसके संरक्षण और डिजिटलीकरण के लिए जानकारी उपलब्ध करा सकता है।

अभियान के दौरान कई दुर्लभ धरोहरें भी सामने आई हैं। इनमें टीकमगढ़ से जम्बूद्वीप का प्राचीन नक्शा, पन्ना से महाकवि केशवदास की हस्तलिखित 'रसिकप्रिया', बुरहानपुर से 220 वर्ष पुरानी 'श्रीमद्भागवत महापुराण' की पांडुलिपि तथा दतिया से ऐतिहासिक ताम्रपत्र अभिलेख प्रमुख हैं।

May I help you Doctors helpline betul

वर्धमान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
» आईसीयू » टीएमटी » 2डी इको » एक्स-रे » सोनोग्राफी » लैब » एम्बुलेंस » ओटी » पीएफटी » ईसीजी सहित सभी सुविधाएं
चक्कर रोड मोती वार्ड बैतूल 9238288220

संकल्प क्लिनिक
डॉ. मयूरी पराते बीडीएस, एमडीएस दंत रोग विशेषज्ञ 9244009379
डॉ रोहित पराते एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन मेडिसिन स्पेशलिस्ट
पता- भैरव बाबा मंदिर के पास समर्पण हॉस्पिटल के बाजू में चक्कर रोड मोती वार्ड, बैतूल

समर्पण मदर एंड मल्टी केयर हॉस्पिटल
24/7 Emergency Services आपातकालीन चिकित्सा 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध हैं 9425440207

के.बी. देशमुख मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल
डॉ. स्तुति धोटे प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ 8228918228
पानी की टंकी के बाजू में चक्कर रोड बैतूल

सिटी हॉस्पिटल
डॉ. महिमा सोनवानी एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन
तरंग मैरिज लॉन के पास लिंक रोड टिकारी बैतूल
07141 355 234 94075 93 944

सुभद्रा हॉस्पिटल
सुविधाएं -डिलीवरी ,सिज़ेरियन ,हार्निया, अपेंडिक्स, हाइड्रोसील, टॉन्सिल, बच्चेदानी एवं अन्य ऑपरेशन
डॉ. विनय सिंह चौहान बीएचएमएस,सीसीएच 07141-234716-230716

श्री गोवर्धन क्रिटिकल केयर मैटरनिटी ट्रामा सेंटर एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
मेडिसिन, अस्थिरोग, यूरोलॉजी, सर्जरी, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, ईएनटी, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, गैस्ट्रोएंरोलॉजी, फिजियोथैरेपी, ब्लड बैंक
टिकारी लिंक रोड बैतूल 07141-355022

अन्वी आई केयर
डॉ. अनुश्री बर्डे एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी, एफवीआरएस
डॉ विनोद बर्डे एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, बैतूल
रामकृष्ण होटल के पीछे कारगिल चौक बैतूल 9584114422

श्रीजी दांतों का दवाखाना
डॉ मुकेश चौकीकर, मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ
श्री जमुना कांपलेक्स पीपल चौक सदर बैतूल 07141-796601 9827055511

डॉ. रुपेश पद्माकर अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. लिपि पद्माकर स्त्री रोग विशेषज्ञ
नागदेव मंदिर के पास खंजनपुर जिला बैतूल 07141-796950

चौहान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आईसीयू , एनआईसीयू, एचडीयू और वेंटीलेटर स्वास की मशीन की सुविधा उपलब्ध है
डॉ महेंद्र सिंह चौहान एमबीबीएस, एमडी
डॉ अरुणा चौहान स्त्री रोग विशेषज्ञ
चौहान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पुलिस ग्राउंड के पीछे बैतूल
917141796934, 8208 425640, 9424001997, 787958 3307

डॉ. कैलाश वर्मा होम्योपैथी चिकित्सक
समयः- सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक शाम 4 से 7 बजे तक, रविवार अवकाश
पताः- उदय परिसर सदर ओवरब्रिज के पास, बैतूल (म.प्र.)

डॉ. भावना कावड़कर एमबीबीएस, डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ समयः दोपहर 2 से शाम 4 तक
डॉ मयूरी मंडलेकर एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ समयः 2:30 से शाम 5 एवं शाम 6 से 8 तक
पता थाना रोड कोठी बाज़ार बैतूल 9131199279

गिगानी चाइल्ड एवं डायबीटिक क्लिनिक
डॉ. अनवर गिगानी एमबीबीएस, डीसीएच शिशु रोग एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक
बैतूल बूट हाउस कांपलेक्स, कृष्णपुरा वार्ड, थाना रोड टिकारी, बैतूल (म.प्र.) 8999025493

अल्टरनेटिव केयर क्लिनिक
डॉ. के. के. बाला एमबीबीएस (एएम) सीएमएस, ईडी
समयः सुबह 9 से 1, बजे शाम 5 से 9 बजे तक
बवासीर, भगंदर, फिशर, हाइड्रोसील, किडनी स्टोन, साइटिका एवं संतान प्राप्ति संबंधी समस्याओं के लिए उत्तम परामर्श
अंबेडकर कॉलोनी एचएमटी फैक्ट्री के सामने इटारसी रोड बैतूल 9926922321

नोबल हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर
डॉ. गोपाल सरयाम रेडियो सोनोग्राफी विशेषज्ञ
एमपीईबी सबस्टेशन के पास लिंक रोड टिकारी बैतूल 07141-234522

श्री गजानन डायग्नोस्टिक सेंटर
सोनोग्राफी एवं कलर एंड डॉपलर सेंटर
डॉ. रविकांत उसके एमबीबीएस, एमडी
थाना रोड कोठी बाजार बैतूल 9131935782

छेरकी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
जनरल मेडिसिन, दांत रोग, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, फिजियोथैरेपी एक्स-रे, पैथोलॉजी
24 घंटे सेवाएं उपलब्ध
पता द्वारका नगर बडोरा बैतूल 9407285413, 9691847166

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com